कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर।

फोन नं0– 0132–2971155 फैक्स न0–0312 2971132
वेबसाइड– www.smmhmedicalcollege.com

संख्या–रा0मे0का0स0 / ई0सी0–1 / विज्ञप्ति / 2025 / 309 दिनांक– 30.01.2025

सेवायोजन विज्ञप्ति

राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर के विभिन्न क्लीनिकल / नॉन–क्लीनिकल विभागों में चिकित्सकों की कमी तथा एम0सी0आई0 मानकों की पूर्ति हेतु / रोगीहित / शोध कार्यो हेतु नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्टस / ट्यूटर के रिक्त पदों पर संबन्धित शासनादेशानुसार चयन / नियुक्ति की कार्यवाही किये जाने हेतु शासनादेश संख्या–5 / 2019 / 04 / 1 / 2008 / का–2 / 2019 टी सी–1, लखनऊ, दिनांक–13.08.2019 में दी गयी आरक्षण की व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु 100 प्वाइंट रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है:–

जूनियर रेजीडेन्ट / ट्यूटर के रिक्त पदों पर रोस्टर के अनुसार पदों का विवरण

पदनाम	रिक्त पदो की संख्या	अनारक्षित	अन्य पिछडा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनु0 जनजाति	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
जूनियर रेजीडेन्ट / ट्यूटर	05	02	01	02	00	00

अर्हताएं– उक्त पदों पर चयन की कार्यवाही साक्षात्कार (वॉक–इन–इन्टरव्यू) के माध्यम से की जायेगी। पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रतियों की एक प्रति स्वप्रमाणित, अनुभव, आरक्षित श्रेणी का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा 02 नवीन फोटो, यू0पी0 मेडिकल कांउसिल के स्थायी पंजीकरण सहित **दिनांक–03.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे काउंसिल हॉल, प्रशासनिक भवन, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में** उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

शर्तेः– चयनित अभ्यर्थियों को विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार विभाग के अतिरिक्त कोविड–19 / अन्य चिकित्सीय आकस्मिक कार्यो में भी कार्य करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहें है तो उस संस्था से **अनापत्ति प्रमाण पत्र** लाना अनिवार्य होगा। उक्त पदों पर बॉण्ड अभ्यर्थी के उपलब्ध होने तक अथवा 03 माह जो भी पहले घटित हो, तक के लिए नियुक्ति की जायेगी। आरक्षित श्रेणी के व्यक्ति को आयु में शासकीय नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को **नवीनतम जाति** प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार जनहित में अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों पर भी विचार किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी।

उक्त रिक्त पदों पर आवेदन करने हेतु कॉलेज की वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सभी प्रविष्टियां पूर्ण करते हुए पता, मोबाइल नम्बर एवं हस्ताक्षरयुक्त आवेदन को कॉलेज की ई0मेल आई0डी0–smedicalcollegeab@gmail.~~com~~ in पर दिनांक 02.01.2025 तक अवश्य तक भेज दें। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार के दिन उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी सभी संलग्नकों सहित कार्यालय में जमा करा दें।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।

पत्रांकः रा0मे0का0स0 / ई0सी0–1 / विज्ञप्ति / 2025 / तद् दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण 6वां तल, जवाहर भवन लखनऊ को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइड पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी, मेडिकल कालेज, सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड पर लगवाने की व्यवस्था करें तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
3. कुलसचिव / प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, गोरखपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, जालौन, बदांयु को इस आश्य के साथ प्रेषित कि वे उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कार्यालय / छात्रावासों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कॉलेज की वेबसाइड पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
5. लेखा अनुभाग / अधिष्ठान–प्रथम, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
6. नोटिस बोर्ड / सूचना पट्ट हेतु।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।

राजकीय मेडिकल कॉलेज
सहारनपुर